पश्चिम मध्य रेल | कार्यालय मं. रे.प्र. (का.) जबलपुर
पत्र क्र. पमरे/जबल/का/याता./खण्ड नियंत्रक/जी.पी. 4200/25 प्रतिशत एलडीसीई कोटा | दिनांक 13.01.2022
सर्व संबंधित ( परिचालन विभाग ) जबलपुर मंडल

विषय :– जबलपुर मंडल के परिचालन विभाग में 25 प्रतिशत एलडीसीई कोटे के अंतर्गत खण्ड नियंत्रक जी.पी 4200 लेबल 06 के रिक्त पदों को चयन के माध्यम से भरने अधिसूचना।

---

जबलपुर मंडल के परिचालन विभाग में 25 प्रतिशत एलडीसीई कोटे के अंतर्गत खण्ड नियंत्रक जी.पी 4200 लेबल 06 के निम्नानुसार पद भरने हेतु चयन अधिसूचना जारी की जाती है।

भरे जाने वाले पदों का विवरण :– 04 पद ( सामान्य जाति के 02 अनु. जाति के 01 एवं अनु. जन जाति का 01 )

रेलवे बोर्ड के पत्र कमांक–E(NG)I/2018/PM2/1, RBE 40/2020 दिनॉक 28/29.05.2020 में दिए गए निदेशों के अनुसार जबलपुर मंडल के परिचालन विभाग में 25 प्रतिशत एलडीसीई कोटे के अंतर्गत, खण्ड नियंत्रक जी.पी 4200 लेबल 06 के पद हेतु चयन के लिए निम्नांकित श्रेणी में कार्यरत कर्मचारियों से पद भरे जायेगे। कर्मचारियों की पात्रता की शर्तें निम्नानुसार रहेंगी :–

1. स्टेशन मास्टर/यार्ड मास्टर/परिवहन निरीक्षक/मूव्हमेंट निरीक्षक जी. पी. 4200 ( सातवें वेतन आयोग के अनुसार लेबल 06 )
2. गाडी लिपिक/शंटिंग मास्टर जी. पी. 4200 ( सातवें वेतन आयोग के अनुसार लेबल 06 )
3. गार्ड संवर्ग के सभी मेल गार्ड/पेसेंजर गार्ड/गुड्स गार्ड ( सभी वेतनमान के गार्ड )

आवेदन करने हेतु कर्मचारियों में निम्न योग्यता होना आवश्यक है :–

1. यातायात एवं यातायात रनिंग विभाग में अधिसूचना जारी तिथि को कर्मचारी की कम से कम 05 वर्ष की नियमित सेवा पूर्ण हो।
2. अधिसूचना जारी जारी तिथि को कर्मचारी की आयु 48 वर्ष से अधिक न हों।
3. शैक्षणिक योग्यता स्नातक होनी चाहिये।

यातायात एवं यातायात रनिंग विभाग में कार्यरत इच्छुक कर्मचारी जो उपरोक्त दर्शाई गई शर्तें पूर्ण करते हैं। संलग्न प्रोर्फामा में पूर्ण विवरण भरकर आवेदन दिनॉक 31.01.2022 तक अपने स्टेशन/डिपो प्रभारी के पास जमा करें। निर्धारित तिथि के पश्चात प्राप्त आवेदनों पर कोई विचार नहीं किया जावेगा। आवेदन पत्र का प्रारुप संलग्न है। आवेदक आवेदन पत्रों के साथ पूर्ण एवं सही जानकारी देवें तथा संबंधित प्रमाण पत्रों की सत्यापित प्रतिलिपि संलग्न करें। किसी प्रमाण पत्र के अभाव में आवेदन पत्र पर विचार नहीं किया जावेगा।

डिपो प्रभारी/पर्यवेक्षक सभी प्राप्त आवेदन पत्रों की जॉच कर सुनिश्चित करें कि आवेदन पत्र पूर्ण रुप से भरा गया है तथा संबंधित प्रमाण पत्रों की सत्यापित प्रतियॉं संलग्न हैं, एवं एक ही बंच में मंडल रेल प्रबंधक ( का ) जबलपुर के डिस्पेच अनुभाग में दिनॉक 03.02.2022 तक जमा कर पावती प्राप्त करेंगे। डाक अनुभाग कार्मिक शाखा के अतिरिक्त अन्य स्थान पर आवेदन पत्र जमा न किया जावे अन्यथा अनियमितता होने पर प्रशासन की कोई जिम्मेदारी नही होगी। निर्धारित तिथि के पश्चात प्राप्त आवेदन पर विचार नहीं किया जावेगा। आवेदन करने के पूर्व कर्मचारी यह स्पष्ट रुप से नोट कर लें कि एक बार आवेदन करने के पश्चात चयन होने पर चयनित पद हेतु रिफ्यूजल करने की पात्रता नहीं होगी।

**इसमें पूरक परीक्षा का प्रावधान नहीं है।**

उक्त पद के चयन हेतु लिखित परीक्षा होगी। रेल्वे बोर्ड के पत्र क. E(NG)I-2018/PMI/4 दिनॉक 14.12.2018 एंव रेल्वे बोर्ड के पत्र क. E(NG)I-2018/PMI/4 दिनॉक 14.11.2019 के अनुसार प्रश्न पत्र में 100 प्रतिशत वस्तुनिष्ठ प्रश्न पूछे जावेंगे जो कि बहुविकल्पीय एवं ऋणात्मक मूल्यॉकन ( Negative Marking) होगा, जिसमें प्रत्येक 01 गलत उत्तर के लिए आबंटित अंकों के लिए 1/3 अंक काटे जावेंगे। There shall be negative marking for incorrect answer. One third of the marks allotted for each question will be deducted for wrong answers.

negative marking for incorrect answer. One third of the marks allotted for each question will be deducted for wrong answers.

लिखित परीक्षा में उत्तीर्ण पाए गए उम्मीदवारों को सेवा रिकार्ड एवं कर्मचारी के कार्य निष्पादन के मूल्यॉकन के पश्चात मेरिट पोजीशन के आधार पर नामिका पर रखा जावेगा। नामिका पर रखे गए कर्मचारियों को क्षेत्रिय रेल प्रशिक्षण संस्थान भुसावल/उदयपुर में खंड नियंत्रक के निर्धारित प्रशिक्षण हेतु भेजा जावेगा एवं प्रशिक्षण में उत्तीर्ण घोषित होने के पश्चात इन्हें खण्ड नियंत्रक जी.पी. 4200 लेबल 6 के पद पर पदोन्नति/पदस्थि हेतु कार्यावाही की जावेगी।

पर्यवेक्षक कृपया सुनिश्चित करें कि किसी भी कारण वश आवेदन इस कार्यालय में भेजने मे विलंब न किया जावे। उक्त नोटिफिकेशन का व्यापक प्रचार प्रसार करें एवं अपने अधीनस्थ सभी पात्र कर्मचारियों को नोट करावें। इसकी प्रति सूचना पटल पर भी अवश्य चस्पा करें।

13/01/2022
( राकेश कुमार )
कृते मं.रे.प्र. (का) .जबलपुर

संलग्न :– आवेदन प्रारुप

प्रति :–मु.का.अधि./मु.परि.प्रब.प.म.रे जबलपुर को सूचनार्थ ।
प्रति :– उप मुख्य सतर्कता अधिकारी प.म.रे. जबलपुर को सूचनार्थ ।
प्रतिः– वरि.मं.सं.अधि./वरि.परि.प्रबं./मंडल परि/सहा.परि.प्रबं. जबल.को सूचनार्थ ।
प्रतिः– वरि.मं.यॉ. अभि. (डी.) न.क.जं. को सूचनार्थ ।
प्रति :– मुख्य परियोजना अधिकारी आर ई. जबलपुर को सूचनार्थ ।
प्रतिः– कार्या.अधी. (का) गोपनीय/ डिस्पेच/ट्राफिक रनिंग जबलपुर को सूचनार्थ ।
प्रतिः– ग्रुप लिपिक (का) यातायात/ट्राफिक रनिंग प्राप्त आवेदन पत्रों की पूर्ण जॉच कर (सेवा पंजी से करें ) सत्यापित करें एवं कार्या. अधी. (का.)यातायात के पास शीघ्र जमा करें।
प्रतिः– मंडल सचिव वे.से.रे.म.सं/डब्लयूसी.आरई.यू/एस.सी/एस.टी/एसों जबल को सूचनार्थ ।

13/01/2022
कृते मं.रे.प्र.(का)जबलपुर
13.01.22

## आवेदन पत्र का प्रारुप

खण्ड नियंत्रक जी.पी. 4200 लेवल 06– 25 प्रतिशत एलडीसीई कोटा के पद हेत आवेदन पत्र ।

संदर्भ :–मं.रे.प्र. (का.) जबलपुर का पत्र क्र. पमरे/का./याता/खण्ड नियंत्रक/जी.पी. 4200/25 प्रतिशत एलडीसीई कोटा दिनांक .13.01. 2022

| | | |
|---|---|---|
| 1. | कर्मचारी का नाम | : ______________ |
| 2 | पिता का नाम | : ______________ |
| 3. | वर्तमान पद | : ______________ |
| 4. | वर्तमान जी.पी./लेवल | : ______________ |
| 5. | वर्तमान स्टेशन . | : ______________ |
| 6. | भर्ती की तारीख | : ______________ |
| 7. | जन्म तिथि | : ______________ |
| 8 | पी.एफ.न :– | : ______________ |
| 9 | वर्तमान जी.पी./लेवल में पदोन्नति तिथि | : ______________ |
| 10 | 5 वर्ष की नियमित सेवा पूर्ण होने की तिथि | : ______________ |
| 11. | अ.जा/अ.ज.जा (जाति प्रमाण पत्र संलगन करें ) | : ______________ |
| 13. | दिनॉक 13.01.2022 को आयु | वर्ष________माह__________दिन________ |
| 12 | शैक्षणिक योग्यता (सत्यापित प्रनाण पत्र संलग्न करें ) | : ______________ |

घोषणा :– मैं घोषणा करता हूँ कि :–

1. मेरे द्वारा उपरोक्तानुसार दिया गया विवरण सत्य है तथा इसके गलत पाये जाने पर मेरे विरुद्ध अुशासनात्मक कार्यवाही की जा सकती है।
2. मैं पात्रता की सभी निर्धारित शर्ते पूर्ण करता हूँ यदि किसी स्टेज पर यह पाया जाता है कि मैं अयोग्य हूँ तो मेरा चयन रदद माना जायेगा ।
3. यदि मेरा चयन खण्ड नियंत्रक जी.पी. 4200 लेवल 06 के पद के लिए हो जाता है तो मैं अपने पूर्व पद पर वापिस नहीं जाउँगा और न ही पूर्व पद पर वापिस जाने हेतु कोई रिफूजल दूँगा।

संलग्न

आवेदक के हस्ताक्षर
पदनाम /स्टेशन

पश्चिम मध्य रेल
पत्र क्र. ______________

कार्यालय ______________
दिनांक ________

प्रति,
मंडल रेल प्रबंधक (का.) जबलपुर

उपरोक्त कर्मचारी का आवेदन पत्र जॉच उपरांत आपके कार्यालय को अग्रेषित किया जाता है। कर्मचारी के आवेदन पत्र में दी गई जानकारी सही है।

डिपो प्रभारी/इंचार्ज के हस्ताक्षर /सील